मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-210
17/07/2024

मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़नेवाले निर्माणाधीन टनल, पटना संग्रहालय के उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य तथा पटना मेट्रो रेल परियोजना के कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना 17 जुलाई 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़नेवाले निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के पास टनल निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह ने टनल से बिहार संग्रहालय में प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटकों को मिलनेवाली अन्य सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करें, जिससे बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक–दूसरी जगह जाकर प्रदर्शों का अवलोकन कर सकें। बिहार संग्रहालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। पटना संग्रहालय का विस्तारीकरण और उन्नयन कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय के बीच टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करें। आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण कराएं ताकि क्षेत्र हरा–भरा और आकर्षक दिखे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय एवं उसके विस्तारीकरण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित किचेन, भंडार, अस्थायी दीर्घा सभागार, कलेक्शन स्टोर, कंजर्वेशन लैब सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सभागार में मुख्यमंत्री के समक्ष पटना संग्रहालय के उन्नयन एवं विस्तारीकरण से संबंधित कार्य पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटना संग्रहालय के उन्नयन एवं विस्तारीकरण का कार्य बेहतर ढंग से और तेजी से करें। यह पुराना संग्रहालय है। यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं, उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया गया है। पटना संग्रहालय के जिस हिस्से में खुदाई कार्य किया जा रहा है, उसका भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजेंद्र नगर मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आई0एस0बी0टी0 मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश

देते हुए कहा कि कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिले। मेट्रो का निर्माण कार्य हो जाने से पटना के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कौर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******